रजिस्ट्री सं. डी. (डी. एन.)—73

REGISTERED NO. D. (D. N.)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 36] नई दिल्ली, शनिवार, सितम्बर 6, 1986/भाद्रपद 15, 1908

No. 36] NEW DELHI, SATURDAY, SEPTEMBER 6, 1986/BHADRA 15, 1908

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़ कर) भारत सरकार के मंत्रालयों द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं

Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence)

विधि और न्याय मंत्रालय

(विधि कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 18 अगस्त, 1986

सूचना

का. आ. 3021.—नोटरीज नियम, 1956 के नियम 6 के अनुसरण में सक्षम प्राधिकारी द्वारा यह सूचना दी जाती है कि श्री बी. शेषागिरि राव, एडवोकेट ने उक्त प्राधिकारी को उक्त नियम के 4 के अधीन एक आवेदन इस बात के लिए दिया है कि उसे चिराला व्यवसाय करने के लिए नोटरी के रूप में नियुक्त किया जाए।

2. उक्त व्यक्ति की नोटरी के रूप में नियुक्ति पर किसी भी प्रकार का आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन के चौदह दिन के भीतर लिखित रूप में मेरे पास भेजा जाए।

[सं. 5(56)/86-न्या.]

आर. एन. पोद्दार, सक्षम प्राधिकारी

MINISTRY OF LAW AND JUSTICE

(Department of Legal Affairs)

New Delhi, the 18th August, 1986

NOTICE

S.O. 3021.—Notice is hereby given by the Competent Authority in pursuance of rule 6 of the Notaries Rules, 1956, that application has been made to the said Authority, under rule 4 of the said Rules, by Shri B. Seshagiri Rao, Advocate for appointment as a Notary to practise in Chirala.

2. Any objection to the appointment of the said person as a Notary may be submitted in writing to the undersigned within fourteen days of the publication of this Notice.

[No. F. 5(56)|86-Judl.]

R. N. PODDAR, Competent Authority

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, 20 अगस्त, 1986

का. आ. 3022.—गृह मंत्रालय की तारीख 7-2-86 की समसंख्यक अधिसूचना के अधिक्रमण में केन्द्रीय सरकार, राजभाषा (संघ) के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग (नियम, 1976 के नियम 10 के उप-नियम (4) अनुसरण में गृह मंत्रालय के निम्नलिखित कार्यालयों को, जिनके 80 प्रतिशत कर्मचारीवृन्द ने हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है, अधिसूचित करती है।

1. कार्यालय, कमांडेंट, 75 बटालियन,
   केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, झालपारा,
   गोहाटी-22, असम ।
2. कार्यालय, कमांडेंट सिगनल्स ग्रुप केन्द्र,
   केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, नीमच (मध्य प्रदेश) ।
3. कार्यालय, पुलिस उप महानिरीक्षक,
   केन्द्रीय रिजर्व पुलिस, बल, मद्रास ।
4. कार्यालय, अपर पुलिस उप महानिरीक्षक,
   ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, आवडी (मद्रास) ।

5. कार्यालय, कमांडेंट, 5वीं बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, नागपुर-19।

6. कार्यालय, प्रिंसिपल, रंगरूट प्रशिक्षण, केन्द्र-2 केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, आवडी, मद्रास-65।

7. कार्यालय, कमांडेंट, 64वीं बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, मार्फत 99 ए पी. ओ.।

8. कार्यालय कमांडेंट, प्रथम सिगनल बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस, बल नई दिल्ली।

9. कार्यालय, कमांडेंट, 3 सिगनल बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, रामपुर (उत्तर प्रदेश)।

10. जनगणना कार्य निदेशालय, असम गोहाटी।

11. जनगणना कार्य निदेशालय, सिक्किम, गंगटोक।

12. कार्यालय, कमांडेंट, 10वीं बटालियन, भारत तिब्बत सीमा पुलिस, मिर्थि जिला, पिथौरागढ़, (उत्तर प्रदेश)।

13. कार्यालय, एच.एफ.सी. लिमिटेड, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, दुर्गापुर-12-पश्चिमी बंगाल।

14. अपराध शास्त्र एवं विधि विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली।

15. कार्यालय, निदेशक, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति, जयपुर।

[सं. 12017/1/86-हिंदी]
मदन मोहन शर्मा, उप सचिव

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

New Delhi, the 20th August, 1986

S.O. 3022.—In supersession of notification of even No. dated 7-2-86, the Central Government hereby notifies the following office of the Ministry of Home Affairs, the 80 percent staff thereof having acquired the working knowledge of Hindi under sub-rule (4) 10 of the Official Languages (use for Official purposes of the Union), Rules, 1976.

1. Office of the Commandant, 75 Battalion, CRPF, Khanapara, Gauhati-22, Assam.
2. Office of the Commandant Signal Group Centre, CRPF, Nimach (M.P.).
3. Office of the Dy. Inspector General of Police, CRPF, Madras.
4. Office of the Additional Dy. Inspector General of Police, Group Centre, CRPF, Awadi, Madras.
5. Office of the Commandant, 5 Battalion, CRPF., Nagpur —19.
6. Office of the Principal, Rangroor, Training Centre-2, CRPF., Awadi, Madras-65.
7. Office of the Commandant, 64 Battalion, CRPF, C/o 99 APO.
8. Office of the Commandant, 1st Signal Battalion, CRPF., New Delhi.
9. Office of the Commandant, 3 Signal Battalion, CRPF., Rampur (UP).
10. Directorate of Census Operation. Assam, Gauhati.
11. Directorate of Census Operation. Sikkim, Gangtok.
12. Office of the Commandant, 10 Battalion, ITBP, Mirthi, Distt. Pithoragorh, (UP).
13. Office of the Commandant, HFC. Ltd., CISF. Durgapur, West Bengal
14. Institute of Criminology and Forensic Science, New Delhi.
15. Office of the Director for Scheduled Caste & Scheduled Tribes, Jaipur.

[No. 12017/1/86-Hindi]
M. M. SHARMA, Secy.

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(पेंशन और पेंशन भोगी कल्याण विभाग)

नई दिल्ली, 27 जून, 1986

का.आ. 3023.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, साधारण भविष्य निधि (केन्द्रीय सेवा) नियम, 1960 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1 (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम साधारण भविष्य निधि (केन्द्रीय सेवा) दूसरा संशोधन नियम, 1986 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2 साधारण भविष्य निधि (केन्द्रीय सेवा) नियम 1960 की पांचवी अनुसूची के पैरा 2 में अंत में किन्तु प्रथम परन्तुक से पहले, निम्नलिखित प्रविष्टियां अंतःस्थापित की जाएंगी, अर्थात् :—

"भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के समूह "ख" समूह "ग" और समूह "घ" कर्मचारिवृन्द को भारत नियम 12 के उप-नियम (2) के अधीन अग्रिम नीचे उल्लिखित अधिकारियों द्वारा मंजूर किया जा सकेगा :—

(i) अपर महानिदेशक मौसम विज्ञान (अनु.), पुणे
(ii) उप महानिदेशक मौसम विज्ञान (डब्लू. एफ.), पुणे
(iii) उप महानिदेशक मौसम विज्ञान (आई. एस.) पुणे
(iv) निदेशक (एग्रीमेट) पुणे
(v) प्रादेशिक निदेशक भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, मुम्बई, कलकत्ता, मद्रास, नागपुर और नई दिल्ली।
(vi) उप महानिदेशक मौसम विज्ञान (आई.पी.), नई दिल्ली।
(vii) भारसाधक मौसम विज्ञानी सी.एस.ओ., भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, शिलांग।
(viii) निदेशक इंडियन पोजिशनल एस्ट्रोनोमी सेन्टर मौसम विज्ञान विभाग कलकत्ता।

[संख्या 13(2)-पेंशन/85-जी.पी.एफ]
हजारा सिंह, उप सचिव

टिप्पण :—साधारण भविष्य निधि (केन्द्रीय सेवा) नियम, 1960 का.आ. सं.-3000 तारीख 1-12-1960 के रूप में प्रकाशित किए गए थे। नियमों का पुनःमुद्रण 30-11-1978 (तक संशोधित) 1979 में मुद्रित किया गया था। पश्चात्वर्ती संशोधन, नीचे उल्लिखित अधिसूचना द्वारा किए गए :—

1. एफ 13(9)/77-ई वी (बी) तारीख 13-12-1978
2. एफ 13(5)/78-ई वी (बी) तारीख 23-4-1979
3. एफ 13(11)/78-ई वी (बी) तारीख 30-5-1979
4. एफ 13(7)/78-ई वी (बी) तारीख 18-6-1979
5. एफ 17(5)-ई वी (बी)/78 तारीख 18-6-1979
6. एफ 19(15)-पैन/76(जीपीएफ) तारीख 9-9-1979
7. एफ 9(2)-ई वी (बी)/पैन/78-जीपीएफ तारीख 13-11-1979
8. एफ 10(10)-पैन/79-जीपीएफ तारीख 3-3-1980
9. एफ 20(22)-ई वी (बी)/पैन/79-जीपीएफ तारीख 18-4-80
10. एफ 13(6)-पैन/79-जीपीएफ तारीख 18-4-1980

11–एफ 16(2)–पैन/79–जीपीएफ तारीख 12–6–1980
12. एफ 11(1)–पैन/77–जीपीएफ तारीख 1–10–1980
13. एफ 16(3)–पैन/79–जीपीएफ तारीख 13–10–1980
14. एफ 10(2)–पैन/81–जीपीएफ तारीख 21–12–1981
15 एफ 13(1)–पैन/82–जीपीएफ तारीख 8–9–1982
16 एफ 13(3)–पैन/82–जीपीएफ तारीख 30–4–1983
17. एफ 19(2)–पैन/80–जीपीएफ तारीख 30–4–1983
18. एफ 16(3)–पैन/–77जीपीएफ तारीख 19–5–1983
19. एफ 13(2)/80–पैन तारीख 20–5–1983
20. एफ 19(1)–पैन/83–जीपीएफ तारीख 20–5–1983
21 एफ 20(10)/81–पेंशन यूनिट–जीपीएफ तारीख 30–7–83
22 एफ 13(1)–पैन/84–तारीख 19–3–1984
23. एफ 13/4/84–पी.यू. (जी पी एफ), तारीख 26–2–85
24. एफ 13(1) पैन/85–जीपीएफ तारीख 19–6–1985
25. एफ 13(2)–पैन/85–जीपीएफ तारीख 24–9–1985
26. एफ 13(4)–पैन/85, तारीख 24–1–1986

MINISTRY OF PERSONNEL, P.G. AND PENSIONS

(Department of Pension and Pensioners' Welfare)

New Delhi, the 27th June, 1986

S.O. 3023.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution of India, the President hereby makes the following rules further to amend the General Provident Fund (Central Services) Rules, 1960 :—

1. (1) These Rules may be called the General Provident (Fund (Central Services) Second Amendment Rules, 1986.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the General Provident Fund (Central Services) Rules, 1960, in para 2 of the Fifth Schedule, the following entries shall be inserted at the end but before the first proviso thereunder, namely :—

In respect of Group 'B', 'C' and 'D' Staff of India Meteorological Department, an advance under sub-rule (2) of rule 12 may be sanctioned by the authorities mentioned below :—

(i) Additional Director General of Meteorological (R) Pune.

(ii) Deputy Director General of Meteorological (WF) Pune.

(iii) Deputy Director General of Meteorological (II & S) Pune.

(iv) Director (Agrimet) Pune.

(v) Regional Directors, India Meteorological Department Bombay, Calcutta, Madras, Nagpur & New Delhi.

(vi) Deputy Director General of Meteorological (IP), New Delhi.

(vii) Meteorological-in-charge, CSO, Indian Meteorological Department, Shillong.

(viii) Director Positional Astronomy Centre, India, Meteorological Department, Calcutta".

[No. 13(3)-Pen. 85-G.P.F.]
HAZARA SINGH, Dy. Secy.

Note : General Provident Fund (Central Services) Rules, 1960 were published as S.O. 3060 dated 1-12-1960. The Third reprint (corrected upto 30-11-1978) of the rules was printed in 1979. The rules were subsequently amended vide notification mentioned below :—

1. F. 13(8)|77-EV(B), dated 13-12-1978.
2. F. 13(5)|78-EV(B), dt. 23-4-1979.
3. F. 13(11)|78-EV(B) dt. 30-5-79.
4. F. 13(7)|78-EV(B) dt. 18-6-1979.
5. F. 17(5)|EV(B)|78, dt. 18-6-1979.
6. F. 19(15)-Pen|76(GPF) dt. 9-8-1979.
7. F. 9(2)-EV(B)|Pen|78-GPF dt. 13-11-1979.
8. F. 10(10)-Pen|79-GPF dt. 3-3-1980.
9. F. 20(22)-EV(B)|Pen|79-GPF dt. 18-4-1980.
10. F. 13(6)-Pen|79-GPF dt. 18-4-1980.
11. F. 16(2)-Pen|79-GPF dt. 12-6-1980.
12. F. 11(1)-Pen|77-GPF dt. 1-10-1980.
13. F. 16(3)|Pen|79-GPF dt. 13-10-1980.
14. F. 10(2)-Pen|81-GPF dt. 21-12-1981.
15. F. 13(1)-Pen|GPF dt. 8-9-1982.
16. F. 13(3)-Pen|82-GPF dt. 30-4-1983.
17. F. 19(2)-Pen|80-GPF dt. 10-5-1983.
18. F. 16(3)-Pen|77-GPF dt. 19-5-1983.
19. F. 13(2)|80-Pen|dt. 20-5-1983.
20. F. 19(1)-Pen|83-GPF dt. 20-5-1983.
21. F. 20(10)|81-Pension Unit-GPF dt. 30-7-1983.
22. F. 13(1)-Pen|84 dt. 19-3-1984.
23. F. 13|4|84-P.U. (GPF), dt. 26-2-1985.
24. F. 13(1)-Pen|85 GPF dt. 19-6-1985.
25. F. 13(2)-Pen|85-GPF dt. 24-9-1985.
26. F. 13(4)-Pen|85, dt. 24-1-1986.

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

नई दिल्ली, 8 जुलाई, 1986

आयकर

का. आ. 3024.—इस कार्यालय की दिनांक 19-7-85 की अधिसूचना सं. 6334 (पत्र सं. 203/120/85-आ. क. नि.-II) के सिलसिले में, सर्वसाधारण की जानकारी के लिए एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि विहित प्राधिकारी, अर्थात् वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग, नई दिल्ली ने निम्नलिखित संस्था को आयकर नियम 1962 के नियम 6 के साथ पठित आयकर अधिनियम 1961 की धारा 35 की उपधारा (1) के खंड (ii) (वैज्ञा/एक/दो) के प्रयोजनों के लिए "संस्था" प्रवर्ग के अधीन निम्नलिखित शर्तों पर अनुमोदित किया है, अर्थात् :—

(I) यह कि राजकोट कैंसर सोसाइटी, राजकोट अपने वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए स्वयं द्वारा प्राप्त राशियों का पृथक लेखा रखेगा ।

(II) यह कि उक्त संस्थान अपने वैज्ञानिक अनुसंधान संबंधी क्रियाकलापों की वार्षिक विवरणी, विहित प्राधिकारी को प्रत्येक वित्तीय वर्ष के संबंध में प्रति वर्ष 30 अप्रैल तक ऐसे प्ररूप में प्रस्तुत करेगी जो इस प्रयोजन के लिए अधिकथित किया जाए और उसे सूचित किया जाए ।

(III) यह कि उक्त संस्थान अपनी कुल आय तथा व्यय दर्शाते हुए अपने संपरीक्षित वार्षिक लेखों की तथा अपनी परिसंपत्तियां, देनदारियां, दर्शाते हुए तुलन-पत्र की एक-एक प्रति वर्ष 30 जून तक विहित प्राधिकारी को प्रस्तुत करेगी तथा इन दस्तावेजों में से प्रत्येक की एक-एक प्रति संबंधित आयकर आयुक्त को भेजेगी ।

(IV) यह कि उक्त संस्थान केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) नई दिल्ली को अनुमोदन की समाप्ति से तीन माह पूर्व और अवधि बढ़ाने के लिए आवेदन करेगी । आवेदन प्रस्तुत करने में किसी प्रकार की देरी होने पर प्रार्थना-पत्र रद्द कर दिया जाएगा ।

संस्था

"राजकोट कैंसर सोसाइटी, राय रोड, राजकोट-360001."

यह अधिसूचना 1-4-1986 से 31-3-1987 तक की अवधि के लिए प्रभावी है ।

[सं. 6791/फा. सं. 203/32/86-आ. क. नि-II]
के. के. त्रिपाठी, उप सचिव

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue)

New Delhi, the 8th July, 1986

INCOME-TAX

S.O. 3024.—In continuation of this Office Notification No. 6334 (F. No. 203/120/85-ITA.II) dated 19-7-1985, it is hereby notified for general information that the Institution mentioned below has been approved by Department of Scientific and Industrial Research, New Delhi, the Prescribed Authority for the purposes of clause (ii) of sub-section (1) of Section 35 (Thirty five/one/two) of the Income-tax Act, 1961 read with Rule 6 of the Income-tax Rules, 1962 under the category "Institution" subject to the following conditions :—

(i) That the Rajkot Cancer Society, Rajkot will maintain a separate account of the sums received by it for scientific research.

(ii) That the said Institute will furnish annual returns of its scientific research activities to the Prescribed Authority for every financial year in such forms as may be laid down and intimated to them for this purpose by 30th April each year.

(iii) That the said Institute will submit to the Prescribed Authority by 30th June each year a copy of their audited annual accounts showing their total income and expenditure and balance sheet showing its assets liabilities with a copy of each of these documents to the concerned Commissioner of Income-tax.

(iv) That the said Institute will apply to Central Board of Direct Taxes, Ministry of Finance, (Department of Revenue), New Delhi, 3 months in advance before the expiry of the approval for further extension Applications received after the date of expiry of approval are liable to be rejected.

INSTITUTION

"Rajkot Cancer Society, Raiya Road, Rajkot-360001."

This Notification is effective for a period from 1-4-1986 to 31-3-1987.

[No. 6791/F. No. 203/32/86-ITA. II]

K. K. TRIPATHI, Dy. Secy.

आदेश

नई दिल्ली, 11 अगस्त, 1986

का.आ. 3025 :—भारत सरकार के अपर सचिव ने, जिसे विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी निवारण अधिनियम, 1974 (1974 का 52) की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन विशेष रूप से सशक्त किया गया है, उक्त उपधारा के अधीन आदेश फा. सं. 673/36/86-सी.शु.-VIII, तारीख 19-3-86 यह निदेश देते हुए जारी किया था कि श्री स्वरूप सिंह, बी-20, गुजरवालां टाउन, पार्ट-II, दिल्ली को केन्द्रीय कारागार, तिहाड़, नई दिल्ली में निरुद्ध कर लिया जाये और अभिरक्षा में रखा जाए ताकि उसे ऐसा कार्य करने से निवारित किया जा सके जो विदेशी मुद्रा के संवर्धन के लिए हानिकारक हो ।

2. केन्द्रीय सरकार के पास यह विश्वास करने का कारण है कि पूर्वोक्त व्यक्ति फरार हो गया है या अपने को छिपा रहा है जिससे उक्त आदेश का निष्पादन नहीं हो सके ; और

3. अतः अब केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 7 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह निदेश देती है कि पूर्वोक्त व्यक्ति इस आदेश के राजपत्र में प्रकाशन के 7 दिन के भीतर पुलिस, आयुक्त, दिल्ली के समक्ष हाजिर हो ।

[फा. सं. 673/36/86-सी.शु.-VIII]

ORDER

New Delhi, the 11th August, 1986

S.O. 3025.—Whereas the Additional Secretary to the Government of India, specially empowered under Sub-section (1) of section 3 of the Conservation of Foreign Exchange and Prevention of Smuggling Activities Act, 1974 (52 of 1974) issued order F. No. 673/36/86-Cus.-VIII dated 19-3-86 under the said sub-section directing that Shri Sarup Singh, B-20, Gujaranwala Town, Pt. II, Delhi be detained and kept in custody in the Central Jail, Tihar, New Delhi with a view to preventing him from acting in any manner prejudicial to the augmentation of foreign exchange.

2. Whereas the Central Government has reason to believe that the aforesaid person has absconded or is concealing himself so that the order cannot be executed.

3. Now, therefore, in exercise of power conferred by clause (b) of sub-section (1) of section 7 of the said Act, the Central Government hereby directs the aforesaid person to appear before the Commissioner of Police, New Delhi within 7 days of the publication of this order in the official Gazette.

[F. No. 673/36/86-Cus.VIII]

आदेश

का.आ. 3026:—भारत सरकार के अपर सचिव, ने जिसे विदेशी मुद्रा संरक्षण तथा तस्करी निवारण अधिनियम, 1974 (1974 का 52) की धारा 3 की उप-धारा (1) के अधीन विशेष रूप से सशक्त किया गया है, उक्त उपधारा के अधीन आदेश फा.सं. 673/65/86-सी.शु.-VIII, तारीख 1-4-1986 यह निदेश देते हुए जारी किया था कि श्री हरी सिंह सुपुत्र श्री चानन सिंह, निवासी गांव डुके, जिला अमृतसर को केन्द्रीय कारागार तिहाड़, नई दिल्ली में निरुद्ध कर लिया जाए और अभिरक्षा में रखा जाए ताकि उसे तस्करी के माल को छिपाने तथा रखने के कार्य में ग्रस्त होने के अन्यथा तस्करी के माल को लाने ले जाने तथा तस्करी माल का व्यापार करने से रोका जा सके ।

2. केन्द्रीय सरकार के पास यह विश्वास करने का कारण है कि पूर्वोक्त व्यक्ति फरार हो गया है या अपने को छिपा रहा है जिससे उक्त आदेश का निष्पादन नहीं हो सके; और

3. अतः अब केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 7 की उप-धारा (1) के खण्ड (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह निदेश देती है कि पूर्वोक्त व्यक्ति इस आदेश के राजपत्र में प्रकाशन के 7 दिन के भीतर पुलिस महानिदेशक, पंजाब के समक्ष हाजिर हो ।

[फा. सं. 673/65/86-सी.शु.-VIII]

ORDER

S.O. 3026.—Whereas the Additional Secretary to the Government of India, specially empowered under sub-section (1) of section 3 of the Conservation of Foreign Exchange and Prevention of Smuggling Activities Act, 1974 (52 of 1974) issued order F. N. 673/65/86-Cus.VIII dated 1-4-86 under the said sub-section directing that Shri Hari Singh S/o Sh. Channan Singh residing at Village Dooke, Distt. Amritsar, Punjab be detained and kept in custody in the Central Jail, Tihar, New Delhi with a view to preventing him from engaging in transporting smuggled goods and dealing in smuggled goods otherwise than by engaging in concealing or keeping smuggled goods.

2. Whereas the Central Government has reason to believe that the aforesaid person has absconded or is concealing himself so that the order cannot be executed;

3. Now, therefore, in exercise of power conferred by clause (b) of sub-section (1) of section 7 of the said Act, the Central Government hereby directs the aforesaid person to appear before the Director General of Police, Punjab within 7 days of the publication of this order in the official Gazette.

[F. No. 673/65/86-Cus.VIII]

आदेश

का.आ. 3027.—भारत सरकार के अपर सचिव ने, जिसे विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी निवारण नियम, 1974 (1974 का 52) की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन विशेष रूप से सशक्त किया गया है, उक्त उपधारा के अधीन आदेश फा. सं. 673/73/86-सी.शु.- VIII, तारीख 28-4-86 यह निदेश देते हुए जारी किया था कि गांव व डाकखाना रणबीर सिंह पुरा, जिला जम्मू व कश्मीर के निवासी श्री दुर्गा दास शर्मा को केन्द्रीय कारागार, तिहाड़, नई दिल्ली में निरुद्ध कर लिया जाये और अभिरक्षा में रखा जाए ताकि उसे माल की तस्करी करने से रोका जा सके।

2. केन्द्रीय सरकार के पास यह विश्वास करने का कारण है कि पूर्वोक्त व्यक्ति फरार हो गया है या अपने को छिपा रहा है जिससे उक्त आदेश का निष्पादन नहीं हो सके; और

3. अतः अब केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 7 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह निदेश देती है कि पूर्वोक्त व्यक्ति इस आदेश के राजपत्र में प्रकाशन के 7 दिन के भीतर पुलिस आयुक्त, जम्मू व कश्मीर, श्रीनगर के समक्ष हाजिर हो।

[फा. सं. 673/73/86-सी.शु.-VIII]

एस. के. चौधरी, अवर सचिव

ORDER

S.O. 3027.—Whereas the Additional Secretary to the Government of India, specially empowered under sub-section (1) of section 3 of the Conservation of Foreign Exchange and Prevention of Smuggling Activities Act, 1974 (52 of 1974) issued order F. N. 673|73|86-Cus.VIII dated 28-4-86 under the said sub-section directing that Shri Durga Dass Sharma, residing at Village & P. O. Ranbir Singh Pura, Distt. Jammu, J.&K, be detained and kept in custody in the Central Jail, Tihar, New Delhi with a view to preventing him from smuggling goods.

2. Whereas the Central Government has reason to believe that the aforesaid person has absconded or is concealing himself so that the order cannot be executed;

3. Now, therefore, in exercise of power conferred by clause (b) of sub-section (1) of section 7 of the said Act, the Central Government hereby directs the aforesaid person to appear before the Commissioner of Police, J.&K., Srinagar within 7 days of the publication of this order in the official Gazette.

[F. No. 673|73|86-Cus.VIII]

S. K. CHOWDHRY, Under Secy.

आदेश

नई दिल्ली, 12 अगस्त, 1986

स्टाम्प

का.आ. 3828 :—भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 (1899 का 2) की धारा 9 की उपधारा (1) के खंड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा उस शुल्क को माफ करती है जो इण्डस्ट्रीयल रिकन्स्ट्रक्शन बैंक आफ इंडिया, कलकत्ता द्वारा जारी किये जाने वाले पचपन करोड़ रुपये मात्र के मूल्य के प्रामिसरी नोट—9.75%/आई.आर बी.आई. बंधपत्र (12वी श्रृंखला) के स्वरूप के बंधपत्रों पर उक्त अधिनियम के अन्तर्गत प्रभार्य है।

[सं. 33/86—स्टाम्प—फा. सं. 33/8/86—वि. क.]

ORDER

New Delhi, the 12th August, 1986

STAMPS

S.O. 3028.—In exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (1) of section 9 of the Indian Stamp Act, 1989 (2 of 1989), the Central Government hereby remits the duty with which the bonds in the nature of promissory Notes 9.75% IRBI Bonda (12th Series) to the value of Fifty Five crores rupees only to be issued by the Industrial Reconstruction Bank of India, Calcutta, are chargeable under the said Act.

[No. 33|86-Stamps-F. No. 33|8|86-ST]

का.आ. 3029.—भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 (1899 का 2) की धारा 9 की उपधारा (1) के खंड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा उस शुल्क को माफ करती है जो आवास तथा शहरी विकास निगम लिमिटेड, नई दिल्ली द्वारा जारी किए जाने वाले पैंतीस करोड़ रुपये मात्र के मूल्य के ऋणपत्रों (10.5% ऋणपत्र 1996 XXV श्रृंखला के रूप में वर्णित) के स्वरूप में बंधपत्रों पर उक्त अधिनियम के अन्तर्गत प्रभार्य है।

[सं. 32/86—स्टाम्प—फा. सं. 33/47/86-वि. क.]

S.O. 3029.—In exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (1) of section 9 of the Indian Stamp Act, 1899 (2 of 1899), the Central Government hereby remits the duty with which the bonds in the nature of Debentures (described as 10.5% Debentures 1996 XXV series) to the value of Thirty Five crores rupees only to be issue by the Housing and Urban Development Corporation Limited, New Delhi, are chargeable under the said Act.

[No. 32|86-Stamps-F. No. 33|47|86-ST]

का.आ. 3030 :—भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 (1899 का 2) की धारा 9 की उपधारा (1) के खंड (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा मैस्चिनन फैब्रिक पोलीग्राफ (इंडिया) लि. बम्बई को सैंतीस हजार पांच सौ रुपये मात्र के समेकित स्टाम्प शुल्क की अदायगी की अनुमति देती है, जो उक्त कंपनी द्वारा जारी किए जाने वाले मात्र पचास लाख रुपये मूल्य के क्रम संख्या 1 से 50,000 तक के 15%/आरक्षित असम्परिवर्तनीय ऋणपत्रों पर, जिनका प्रत्येक का अंकित मूल्य 100 रु. है, स्टाम्प शुल्क के कारण प्रभार्य है।

[सं. 30/86-स्टाम्प—फा. सं. 33/41/86—वि. क.]

S.O. 3030.—In exercise of the powers conferred by clause (b) of sub-section 9 of the Indian Stamp Act, 1899 (2 of 1899), the Central Government hereby permits the Maschinenfebfarik Polygraph (India) Ltd., Bombay, to pay consolidated stamp duty of rupees Thirty Seven thousand and five hundred only, chargeable on account of the stamp duty on 15% Secured Non-convertible Debentures of the face value of Rs. 100 each bearing Serial Nos. 1 to 50,000 value of rupees Fifty lakhs only, to be issued by the said Company.

[No. 30|86-Stamps-F. No. 33|41|86-ST]

का.आ. 3031 :—भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 (1899 का 2) की धारा 9 की उपधारा (1) के खंड (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा इंडियन ऑरगैनिक कैमिकल्स, लिमिटेड बम्बई को पांच लाख छः हजार दो सौ पचास रुपये मात्र के समेकित स्टाम्प शुल्क की अदायगी करने की अनुमति देती है जो उक्त कंपनी द्वारा जारी किए जाने वाले छः करोड़ पचहत्तर लाख रुपये के अंकित मूल्य के क्रम संख्या 1 से 6,75,000 वाले 15% आरक्षित विमोच्य असम्परिवर्तनीय ऋणपत्रों पर स्टाम्प शुल्क के कारण प्रभार्य है।

[सं. 31/86—स्टाम्प—फा. सं. 33/42/86—वि. क.]

बी. आर. मेहमी, अवर सचिव

S.O. 3031.—In exercise of the powers conferred by clause (b) of sub-section (1) of section 9 of the Indian Stamp Act, 1899 (2 of 1899), the Central Government hereby permits the Indian Organic Chemicals, Limited, Bombay to pay consolidated stamp duty of Five lakhs, six thousand, two hundred and fifty rupees only, chargeable on account of the stamp duty on 15% Secured Redeemable Non-convertible debentures bearing serial Nos. 1 to 6,75,000 of the face value of rupees Six crores and Seventy five lakhs only to be issued by the said company.

[No. 31|86-Stamps-F. No. 33|42|86-ST]

B. R. MEHMI, Under Secy.

(आर्थिक कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 13 अगस्त, 1986

का.आ. 3032.—सरकारी स्थान (अनधिकृत अधिभोगियों की बेदखली) अधिनियम, 1971 (1971 का 40) की धारा 3 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और दिनांक 20 जून, 1986 की इस संबंधक अधिसूचना का अधिक्रमण करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा बैंक नोट प्रेस, देवास (मध्य प्रदेश) के प्रशासनिक अधिकारी को उपर्युक्त अधिनियम को क्रियान्वित करने के प्रयोजन से सम्पदा अधिकारी नियुक्त करती है, जो महाप्रबन्धक बैंक नोट प्रेस, देवास (मध्य प्रदेश) के नियंत्रणाधीन सरकारी स्थानों के सम्बन्ध में उपर्युक्त अधिनियम के द्वारा या उसके अन्तर्गत सम्पदा अधिकारी को प्रदत्त अधिकारों तथा निर्धारित कर्तव्यों का पालन करेगा।

[संख्या एफ. 2 (16)/81-कोइन]

सी. जी. पथरोज, अवर सचिव

(Department of Economic Affairs)

New Delhi, the 13th August, 1986

S.O. 3032.—In exercise of the powers conferred by section 3 of the Public Premises (Eviction of Unauthorised Occupants) Act, 1971 (40 of 1971), and in supersession of the Notification of even number dated 20th June 1986, the Central Government hereby appoints the Administrative Officer, Bank Note Press, Dewas (M.P.) to be Estate Officer for the purposes of the said Act who shall exercise the powers conferred, and perform the duties imposed, on Estate Officer by or under the said Act in respect of the public premises under the control of the General Manager, Bank Note Press, Dewas (M.P.).

[No. F. 2(16)|81-Coin]

C. G. PATHROSE, Under Secy.

(बैंकिंग प्रभाग)

नई दिल्ली, 5 अगस्त, 1986

का.आ. 3033.—क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 (1976 का 21) की धारा 11 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा श्री के.पी. शाह को 4-11-85 से संयुक्त क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक आजमगढ़ (उ.प्र.) का अध्यक्ष नियुक्त करती है। श्री के.पी. शाह अगला आदेश जारी होने तक अध्यक्ष के रूप में काम करेंगे।

[सं. एफ. 2-7/82-आर.आर.बी.]

ब.वा. मीरचन्दानी, निदेशक

(Banking Division)

New Delhi, the 5th August, 1986

S.O. 3033.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 11 of the Regional Rural Bank Act, 1976 (21 of 1976), the Central Government hereby appoints Shri K. P. Shah as the Chairman of Samyut Kshetriya Gramin Bank, Azamgarh (U.P.) w.e.f. 4-11-1985. Shri K. P. Shah shall hold office as such Chairman until further orders.

[No. F. 2-7|82-RRB]

C. W. MIRCHANDANI, Director

नई दिल्ली, 19 अगस्त, 1986

का. आ. 3034.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 56 साथ पठित धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, रिजर्व बैंक की सिफारिश पर, एतद्द्वारा, यह घोषणा करती है कि बैंककारी विनियमन (सहकारी समितियां) नियमावली 1966 के नियम 10 साथ पठित बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (जैसा कि सहकारी समितियों पर लागू है) की धारा 31 के उपबंध कोंकण प्रान्त सहकारी बैंक लिमिटेड, बम्बई पर उस सीमा तक लागू नहीं होंगे जिस तक उनका संबंध दिनांक 30 जून, 1985 को समाप्त वर्ष के लिये बैंक के तुलन-पत्र और लाभ-हानि विवरण और लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट के समाचार पत्र में प्रकाशन से है।

[एफ. सं. 8-2/86-एसी]

के. पी. पाण्डियन, अवर सचिव

New Delhi, the 19th August, 1986

S.O. 3034.—In exercise of the powers conferred by Section 53 read with Section 56 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949), the Central Government, on recommendation of the Reserve Bank of India, hereby declares that the provisions of section 31 of the Banking Regulation Act, 1949 (As applicable to Cooperative Societies) read with Rule 10 of the Banking Regulation (Co-operative Societies) Rules 1966, shall not apply to the Konkan Prant Sahakari Bank Ltd. Bombay so far as they relate to the publication of its balance sheet and profit and loss account for the year ended 30 June 1985 together with the auditor's report in a news paper.

[F. No. 8-2/86-AC]

R. P. PANDIAN, Under Secy.

केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क समाहर्तालय

केन्द्रीय उत्पाद शुल्क

कलकत्ता, 28 मई, 1986

अधिसूचना सं० 4/केन्द्रीय उत्पाद शुल्क/1986

का. आ. 3035.—केन्द्रीय उत्पाद शुल्क नियमावली, 1944 के नियम 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं सी. शुजंगस्वामी, समाहर्ता, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क, इसके द्वारा उपरोक्त नियमावली के नियम 173 जी के द्वितीय परंतुक के अधीन की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए केन्द्रीय उत्पाद शुल्क के सहायक समाहर्ताओं को प्रतिनियुक्त करता हूं जिनका प्रयोग वे केन्द्रीय उत्पाद शुल्क समाहर्तालय, कलकत्ता-1 के अपने सम्बन्धित कार्यक्षेत्र में करेंगे।

[सी सं. IV(16)2-आर आर/86]

सी. शुजंगस्वामी, समाहर्ता

COLLECTORATE OF CENTRAL EXCISE

CENTRAL EXCISE

Calcutta, the 28th May, 1986

Notification No. 4/Central Excise/1986

S.O. 3035.—In exercise of the powers conferred by Rule 5 of the Central Excise Rules, 1944, I C. Bhujangaswamy, Collector of Central Excise hereby delegate the powers under the second proviso to rule 173F of the said rules to the Assistant Collectors of Central Excise to be exercised within their respective jurisdiction in the Collectorate of Central Excise, Calcutta-1.

[C. No. IV(16)2-RR/86/2081]

C. BHUJANGASWAMY, Collector

वाणिज्य मंत्रालय

नई दिल्ली, 6 सितम्बर, 1986

का. आ. 3036—केन्द्रीय सरकार, निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 8 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, "सेफटी रेजर ब्लेड" के संबंध में भारतीय मानक संस्था प्रमाणीकरण चिह्न को मान्यता देने का प्रस्ताव यह घोषित करने के लिए करती है कि जिन "सेफटी रेजर ब्लेडों" पर ऐसे चिह्न लगाए या चिपकाए जाएं वे उक्त अधिनियम के अन्तर्गत लागू मानक विनिर्देशों के अनुरूप समझे जाएंगे ;

और केन्द्रीय सरकार ने उन्हें निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1964 के नियम 11 के उप नियम (2) की अपेक्षानुसार निर्यात निरीक्षण परिषद को भेज दिया है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार उक्त उप-नियम के अनुसरण में उक्त प्रस्तावों को उन लोगों की जानकारी के लिए प्रकाशित करती है जिनके उनसे प्रभावित होने की संभावना है।

2. सूचना दी जाती है कि यदि कोई व्यक्ति उक्त प्रस्तावों कि बाबत कोई आपत्ति या सुझाव देना चाहे तो वह उन्हें इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से पैंतालीस दिन के भीतर निर्यात-निरीक्षण परिषद, 11 वी मंजिल, प्रगति टावर, 26, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110008 को भेज सकेगा।

स्पष्टीकरण.—इस आदेश में "सेफटी रेजर ब्लेड" से शीघ्रण के लिए प्रयोग किए जाने वाले दोहरी धार वाले सेफटी रेजर ब्लेड अभिप्रेत हैं।

[फाइल सं. 6(15)/86-ई आइ एंड ई पी]

MINISTRY OF COMMERCE

New Delhi, the 6th September, 1986

S.O. 3036.—Whereas the Central Government in exercise of the powers conferred by section 8 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963), proposes to recognise the Indian Standards Institution, Certification mark in relation to Safety Razor Blades for the purpose of denoting that where 'Safety Razor Blades' are affixed or applied with such mark, they shall be deemed to be in conformity with the Standard Specifications applicable thereto under the said Act ;

And whereas the Central Government forwarded the same to the Export Inspection (Council as required by sub-rule (2) of rule 11 of the Export (Quality Control and Inspection) Rules, 1964;

Now, therefore, in pursuance of the said sub-rule, the Central Government hereby publishes the said proposals for information of the public likely to be affected thereby.

2. Notice is hereby given that any person desiring to forward any objections or suggestions with respect to the said proposals may forward the same within fortyfive days of publication of this notification in the Official Gazette to the Export Inspection Council, 11th floor, Pragati Tower, 26, Rajendra Palace, New Delhi-110008.

Explanation : In this Order "Safety Razor Blades" shall mean double edged safety razor blades used for shaving.

[F. No. 6(15)/86-EI&EP]

आदेश

का.आ. 3037.—केन्द्रीय सरकार की राय है कि निर्यात (क्वालिटी-नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत में निर्यात व्यापार के विकास के लिए भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय ने प्रेशर कुकरों से संबंधित आदेश सं. का.आ. 72 तारीख 1 जनवरी, 1983 में नीचे विनिर्दिष्ट ढंग से संशोधन करना आवश्यक तथा समीचीन है ;

और केन्द्रीय सरकार ने उक्त प्रयोजन के लिए नीचे विनिर्दिष्ट प्रस्ताव बनाए हैं और उन्हें निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1964 के नियम 11 के उप नियम (2) की अपेक्षानुसार निर्यात निरीक्षण परिषद को भेज दिया है ;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार उक्त उप नियम के अनुसरण में उक्त प्रस्तावों को उन लोगों की जानकारी के लिए प्रकाशित करती है, जिनके उनसे प्रभावित होने की सम्भावना है।

2. सूचना दी जाती है कि यदि कोई व्यक्ति उक्त प्रस्ताव के बारे में कोई आपत्ति या सुझाव देना चाहे तो वह उन्हें इस आदेश के राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से पैंतालिस दिन के भीतर निर्यात निरीक्षण परिषद्, 11 वी मंजिल, प्रगति टावर, 26, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली—110008 को भेज सकता है।

प्रस्ताव

(1) उक्त आदेश में खंड (4) के अंतर्गत अन्त में आने वाले "निर्यात योग्य है", शब्द के पश्चात् निम्नलिखित शब्द जोड़े जाएंगे, अर्थात् :—

"या उस पर उक्त अधिनियम की धारा 8 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा मान्यता-प्राप्त मुहर या चिन्ह चिपकाया गया है।"

[फाइल सं. 6(11)/86—ईआई एंड ईपी]

ORDER

S.O. 3037.—Whereas the Central Government is of the opinion that in exercise of the powers conferred by section 6 of the Export (Quality Control & Inspection) Act, 1963 (22 of 1963), it is necessary and expedient to amend the order of Government of India in the Ministry of Commerce No. S.O. 72 dated the 1st January, 1983 regarding pressure cookers in the manner specified below for the development of the Export Trade of India;

And whereas the Central Government has formulated the proposals specified below for the said purpose and has forwarded the same to the Export Inspection Council as required by sub-rule (2) of rule 11 of the Export (Quality Control and Inspection) Rules, 1964;

Now, therefore, in pursuance of the said sub-rule the Cen-

tral Government hereby publishes the said proposals for the information of the public likely to be affected thereby.

2. Notice is hereby given that any person desiring to forward any objections or suggestions with respect to the said proposal may forward the same within forty five days from the date of the publication of this order in the official Gazette to the Export Inspection Council, 11th floor, Pragati Tower, 26, Rajendra Place, New Delhi-110008.

PROPOSALS

(1) In the said Order, under clause 1(4) after the word 'exportworthy' occuring at the end, the following words shall be added, namely:—

"or is affixed a seal or mark recognised by the Central Government under section 8 of the said Act".

[F. No. 6(11)/86-EI&EP]

का.आ. 3038—केन्द्रीय सरकार, निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 8 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रेशर कुकरों के संबंध में भारतीय मानक संस्था प्रमाणन चिन्ह को मान्यता देने का प्रस्ताव, यह घोषित करने के प्रयोजन के लिए करती है कि जिन प्रेशर कुकरों पर ऐसे चिन्ह लगाए या चिपकाए गए है कि वे उक्त अधिनियम् के अंतर्गत लागू मानक विनिर्देशों के अनुरूप समझे जाएंगे ;

और केन्द्रीय सरकार ने उसे निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण नियम, 1964 के नियम 11 के उप नियम (2) की अपेक्षानुसार निर्यात निरीक्षण परिषद को भेज दिया है ;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार उक्त उप-नियम के अनुसरण में उक्त प्रस्तावों को, उन लोगों की जानकारी के लिए प्रकाशित करती है, जिनके उनसे प्रभावित होने की संभावना है ।

2. सूचना दी जाती है कि यदि कोई व्यक्ति उक्त प्रस्तावो के बारे में कोई आपत्ति या सुझाव देना चाहे तो वह उन्हें इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से पैंतालीस दिन के भीतर निर्यात निरीक्षण परिषद्, 11वी मंजिल, प्रगति टावर, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110008 को भेज सकता है ।

स्पष्टीकरण :—इस अधिसूचना में "प्रेशर कुकर" से ऐसे प्रेशर कुकिंग बर्तन अभिप्रेत हैं जिनकी क्षमता 4 से 22 लिटर है और जो 1.0 के जी एफ/सीएम 2 के कार्यकारी वाष्प दबाव को बनाए रखने वाले बाह्य ताप स्रोतों पर उपयोग के लिए है ।

[फा.सं. 6(11)/86-ईआई एंड ईपी]

S.O. 3038.—Whereas the Central Government in exercise of the powers conferred by section 8 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963) proposes to recognise the Indian Standards Institution Certification mark in relation to Pressure Cookers for the purpose of denoting that where pressure cookers are affixed or applied with such mark, they shall be deemed to be in conformity with the standard specifications applicable there under the said Act;

And whereas the Central Government forwarded the same to the Export Inspection Council as required by sub-rule (2) of the rule 11 of the Export (Quality Control and Inspection) Rules, 1984;

Now, therefore in pursuance of the said sub-rule the Central Government hereby publishes the said proposals for the information of the public likely to be affected thereby.

2. Notice is hereby given that any person desiring to forward any objections or suggestions with respect to the said proposals may forward the same within forty-five days of pubication of this notification in the Official Gazette to the Export Inspection Council, 11th floor, Pragati Tower, 26, Rajendra Place, New Delhi-110008.

EXPLANATION.—In this notification, "Pressure Cookers" means any pressure cooking vessel of capacity from 4 litres upto and including 22 litres for use with external heat sources capable of maintaining working steam pressure of 1.0kgf/cm.

[F. No. 6(11)/86-EI&EP]

आदेश

का.आ. 3039—निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम 1963 (1963 का 22) की धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि भारत के निर्यात व्यापार के विकास के लिए यह आवश्यक तथा समीचीन है कि चश्मा फ्रेमों का निर्यात से पूर्व क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण किया जाए ;

और केन्द्रीय सरकार ने उक्त प्रयोजन के लिए नीचे विनिर्दिष्ट प्रस्ताव बनाए है और उन्हें निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1964 के नियम 11 की अपेक्षानुसार निर्यात निरीक्षण परिषद् को भेज दिया है;

अतः अब, उक्त उप-नियम के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार उक्त प्रस्तावों को उन लोगों की जानकारी के लिए प्रकाशित करती है, जिनके उनसे प्रभावित होने की संभावना है ।

2. सूचना दी जाती है कि यदि कोई व्यक्ति उक्त प्रस्तावों के बारे में कोई आक्षेप या सुझाव देना चाहता है तो वह उन्हें इस आदेश के राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से पैंतालीस दिन के भीतर निर्यात निरीक्षण परिषद्, प्रगति टावर, 11 वीं मंजिल, 26, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली 110008 को भेज सकता है ।

प्रस्ताव

(1) यह अधिसूचित करना कि चश्मा फ्रेमों का निर्यात से पूर्व क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण किया जाएगा ;

(2) निम्नलिखित को चश्मा फ्रेमों के लिए मानक विनिर्देशों के रूप में मान्यता देना, अर्थात्:—

(क) राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानक तथा निर्यात निरीक्षण परिषद् द्वारा मान्यताप्राप्त अन्य निकायों के मानक ; या

(ख) चश्मा फ्रेमों के लिए निर्यात संविदा में निर्यातकर्ता द्वारा स्वीकृत विनिर्देशों के रूप में घोषित विनिर्देश परन्तु यह तब जब कि वे उपबंध-1 में दिए गए विनिर्देशों से निम्न न हो ।

टिप्पण :—(i) जब निर्यात संविदा में, ब्यौरेवार तकनीकी अपेक्षाएं उपवर्णित नहीं हों या केवल नमूनों पर आधारित हो, तो निर्यातकर्ता लिखित विनिर्देश देगा ।

(ii) परीक्षण की पद्धतियां राष्ट्रीय मानकों के अनुसार होंगी ।

(3) इस आदेश के उपाबंध-2 में उपवर्णित चश्मा फ्रेमों निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1986 के प्रारूप के अनुसार क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के प्रकार को क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के ऐसे प्रकार के रूप में विनिर्दिष्ट करना जो निर्यात से पूर्व चश्मा फ्रेमों को लागू किया जाएगा ।

(4) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के दौरान ऐसे चश्मा फ्रेमों के निर्यात को तब तक प्रतिषिद्ध करना जब तक कि उसके साथ उक्त अधिनियम की धारा 7 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा स्थापित तथा मान्यताप्राप्त अभिकरणों में से किसी के द्वारा जारी किया गया इस आशय का प्रमाण-पत्र न हो कि चश्मा फ्रेम क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण से संबंधित शर्तों को पूरा करते है, तथा निर्यात योग्य हैं ।

3 इस आदेश की कोई भी बात भूमि, समुद्र या वायु मार्ग द्वारा भावी खेपाओं को 500 रु. से अधिक के पोत पर्यंत निःशुल्क मूल्य के चश्मा फ्रेमों के नमूनों के निर्यात को लागू नहीं होगी ।

4. इस आदेश में "चश्मा फ्रेम" से निम्नलिखित में से कोई भी अभिप्रेत है :—

(i) सैल्यूलोस ऐसीटेट सैल्यूलोस नाईट्रेट और अन्य प्लास्टिक शीटों से बनाए गए फ्रेम ;

(ii) ढाले गए प्लास्टिक फ्रेम ;

(iii) धातु के फ्रेम ;

(iv) धातु और प्लास्टिक के मिले जुले फ्रेम ।

उपाबंध 1

चश्मा फ्रेमों के लिए विनिर्देश :—

1. कारीगरी और फिनीश :—

(i) फ्रेम दोषों, धब्बों और चटखनों तथा विनिर्माण त्रुटियों से मुक्त होंगे ।

(ii) सभी तेज किनारे और कोने, रेती चिन्ह तथा खुरदरापन पॉलिश करने से पहले हटा दिए जाएंगे ।

(iii) जोड़ सफाई से तथा मजबूती से फिट तथा पालिस किए जाएंगे और घिसाई या अन्य कारणों से हुआ कोई चिन्ह उन पर दिखाई नहीं देना चाहिए ।

(iv) रिवट इस प्रकार लगाए जाएंगे ताकि न तो तार और न ही आरों और की सामग्री विभाजित हो या चटके या क्षति-ग्रस्त हो ।

(v) पेंचों के शीर्ष अक्षतिग्रस्त होंगे ।

(vi) अग्रभाग और साइड लेंग के साथ सफाई से लगाई जाएंगी ।

2. विमाएं :—फ्रेम की विमाएं निर्यात संविदा के अनुसार होंगी । एक साइड की लम्बाई ± 1 मि.मी. की सहिष्णुता के अधीन होगी और उसे जोड़ों से साइड के मोड़ तक नापा जाएगा । मोटाई को छोड़कर अन्य सभी विमाएं ± 0.5 मि.मी. की सहिष्णुता के अधीन होंगी ।

3. अन्य अपेक्षाएं :—

(i) प्लास्टिक फ्रेमों की लगों के शेरों को छोड़कर अग्रभाग की मोटाई कहीं भी 3.4 मि.मी. से कम नहीं होगी ।

(ii) फ्रेमों की अनुलम्बीय प्लान में ब्रिज की मोटाई, तथा सहिष्णुता निर्यातकर्ता द्वारा यथा घोषित निर्यात संविदा के अनुसार होगी ।

(iii) कमानियां आकार और आकृति से मेल खानी चाहिए ।

(iv) कमानियों की रेडियल मोटाई 1.5 मि.मी. से कम नहीं होनी चाहिए ।

(v) खांचे यू या वी आकार के होंगे, उचित स्थान पर होंगे तथा सुअवस्थित रूप से बनाए हुए होंगे और उनकी गहराई 0.6 ± 0.1 मि. मी. होगी । खांचों और कमानियों का भीतरी भाग एक सार रूप से फिनिश होगा ।

(vi) पैड समान ऊंचाई के होंगे और ऊंचाई फ्रेम की आधारित रेखा के सापेक्ष होगी । यदि पैड अग्र भाग के साथ संयुक्त नहीं है तो वे फ्रेम पर सफाई से स्थायी रूप से जोड़े जाएंगे ।

उपाबंध 2

निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 17 के अधीन बनाए जाने के लिए प्रस्तावित नियमों का प्रारूप ।

1. संक्षिप्त नाम तथा प्रारम्भ :—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम (चश्मा फ्रेम निर्यात क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1986 है ।

2. परिभाषाएं :—इन नियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, —

(क) "अधिनियम" से निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) अभिप्रेत है ;

(ख) "अभिकरण" से अधिनियम की धारा 7 के अधीन स्थापित तथा मान्यताप्राप्त निर्यात निरीक्षण अभिकरणों में से कोई एक अभिकरण अभिप्रेत है ;

(ग) "परिषद्" से अधिनियम की धारा 3 के अधीन स्थापित निर्यात निरीक्षण परिषद् अभिप्रेत है ;

(घ) चश्मा फ्रेम से निम्नलिखित में से कोई अभिप्रेत है :—

(i) सैल्यूलोस ऐसीटेट, सैल्यूलोस नाईट्रेट, और अन्य प्लास्टिक शीटों से बनाए गए फ्रेम ।

(ii) ढाले गए प्लास्टिक फ्रेम ।

(iii) धातु के फ्रेम ।

(iv) धातु और प्लास्टिक के मिले-जुले फ्रेम ।

(ङ) "अनुसूची" से इन नियमों में संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है ।

3. निरीक्षण का आधार :—निर्यात किए जाने वाले चश्मा फ्रेमों का निरीक्षण इस दृष्टि से किया जाएगा कि चश्मों के फ्रेम अधिनियम, की धारा 6 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विनिर्देशों के अनुरूप है, अर्थात्, यह

या तो

(i) यह सुनिश्चित करके किया जाएगा कि उत्पादों का विनिर्माण उत्पादन के दौरान निरीक्षण प्रणाली के अंतर्गत आने वाली यूनिटों के संबंध में इस अधिसूचना के उपाबंध-क में यथा-विनिर्दिष्ट क्वालिटी नियंत्रण प्रणाली उत्पादन के दौरान अपनाकर किया गया है ;

या

(ii) निरीक्षण की परेषणानुसार प्रणाली के अधीन आने वाली यूनिटों के संबंध में, इस अधिसूचना के उपाबंध-ख में विनिर्दिष्ट रीति से किए गए निरीक्षण और परीक्षण के आधार पर किया जाएगा ।

4. निरीक्षण की प्रक्रिया :—(1) चश्मा फ्रेमों के परेषण का निर्यात करने का इच्छुक निर्यातकर्ता, निर्यात संविदा या आदेश की प्रति के साथ संविदात्मक विनिर्देशों का ब्यौरा देते हुए, अभिकरण को लिखित संसूचित करेगा जिससे कि अभिकरण नियम 3 के अनुसार निरीक्षण कर सके ।

(2) ऐसे चश्मा फ्रेमों के निर्यात के लिए जिनका विनिर्माण उपाबंध-क में अधिकथित उत्पादन के दौरान क्वालिटी नियंत्रण अपना करके, और परिषद् के द्वारा इस प्रयोजन के लिए गठित विशेषज्ञों के पैनल द्वारा यह न्याय निर्णीत करके कि उत्पादन के दौरान यूनिट में पर्याप्त क्वालिटी नियंत्रण ढिलें है, किया गया है निर्यातकर्ता उप नियम (1) में उल्लिखित संसूचना के साथ यह घोषणा भी देगा कि निर्यात के लिए आशयित चश्मा फ्रेमों के परेषण का विनिर्माण उपाबंध-क में अधिकथित पर्याप्त क्वालिटी नियंत्रणों को अपनाकर किया गया है और परेषण अधिनियम की धारा 6 के अधीन मान्यताप्राप्त मानक विनिर्देशों के अनुरूप है ।

(3) निर्यातकर्ता अभिकरण को निर्यात किए जाने वाले परेषण पर लगाए जाने वाले पहचान चिन्ह भी प्रस्तुत करेगा ।

(4) उप-नियम (1) के अधीन प्रत्येक संसूचना विनिर्माता के परिसर से परेषण के भेजे जाने से कम से कम पांच दिन पूर्व दी जाएगी जबकि उप नियम (2) के अधीन घोषणा सहित संसूचना विनिर्माता के परिसर से परेषण के भेजे जाने से कम से कम तीन दिन पूर्व दी जाएगी ।

(5) उप नियम (1) के अधीन संसूचना और उप नियम (2) के अधीन घोषणा के, यदि कोई हो, प्राप्त होने पर अभिकरण —

(क) (i) अपना यह समाधान कर लेने पर कि विनिर्माण की प्रक्रिया के दौरान विनिर्माता के उपाबंध-क में अधिकथित क्वालिटी नियंत्रणों का प्रयोग किया है और अधिनियम, की धारा 7 के अंतर्गत

मान्यताप्राप्त मानक विनिर्देशों के अनुरूप उत्पाद का विनिर्माण करने के संबंध में परिषद् या अभिकरण द्वारा जारी किए गए अनुदेशों, यदि कोई हो, का पालन किया है, तीन दिन के भीतर यह घोषणा करते हुए प्रमाण-पत्र जारी करेगा कि चश्मा फ्रेमों का परेषण निर्यात योग्य है ।

(ii) जहां विनिर्माता निर्यातकर्ता नहीं है वहां परेषण का भौतिक रूप से सत्यापन किया जाएगा और ऐसा सत्यापन और या निरीक्षण यदि आवश्यक हो, अभिकरण द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा कि उपरोक्त शर्तों का पालन किया गया है ।

(iii) अभिकरण निर्यात के लिए आशयित कुछ परेषणों की स्थल पर जांच करेगा और विनिर्माण एककों द्वारा अपनाई गई उत्पादन के दौरान क्वालिटी नियंत्रण ड्रिलों की पर्याप्तता का सत्यापन करने के लिए नियमित अंतरालों पर विनिर्माण एककों में जाएगा ।

(iv) यदि यह पाया जाता है कि विनिर्माण एकक के विनिर्माण के किसी भी प्रक्रम पर अपेक्षित क्वालिटी नियंत्रण उपायों का प्रयोग नहीं किया है या परिषद् या अभिकरण की सिफारिशों का अनुपालन नहीं किया है तो यह घोषणा कर दी जाएगी कि यूनिट के पास उत्पादन के दौरान पर्याप्त क्वालिटी नियंत्रण ड्रिलें नहीं है और ऐसे मामलों में यदि यूनिट ऐसा चाहे तो उत्पादन के दौरान क्वालिटी नियंत्रण ड्रिलों की पर्याप्तता बनाए रखने के अधिनिर्णय के लिए फिर से आवेदन करेगा ।

(ख) जहां निर्यातकर्ता ने उप-नियम (2) के अधीन यह घोषित नहीं किया है कि पर्याप्त क्वालिटी नियंत्रण का प्रयोग किया गया है वहां अपना यह समाधान कर लेने पर कि चश्मे के फ्रेम का परेषण अधिनियम की धारा 7 के अंतर्गत मान्यता प्राप्त विनिर्देशों के अनुरूप है, उपाबंध-ख में यथाकथित किए गए निरीक्षण और परीक्षण के आधार पर ऐसा निरीक्षण करने के पांच दिन के भीतर यह घोषित करते हुए, प्रमाण-पत्र जारी करेगा कि चश्मे के फ्रेमों का परेषण निर्यात योग्य है ;

परन्तु जहां अभिकरण का इस प्रकार का समाधान नहीं होता है वहां वह यह घोषित करते हुए कि चश्मे के फ्रेमों का परेषण निर्यात योग्य है, प्रमाण-पत्र जारी करने से इंकार कर देगा और ऐसे इंकार की सूचना पांच दिनों के भीतर निर्यातकर्ता को उसके कारणों सहित दी जाएगी ।

(ग) (i) उस दशा में जहां विनिर्माता उप नियम-5 (क) के अधीन निर्यातकर्ता नहीं है या परेषण का उप नियम-5(ख) के अधीन निरीक्षण नहीं किया गया है वहां अभिकरण निरीक्षण की समाप्ति के पश्चात् तुरन्त ही परेषण में से पैकेजों को इस रीति से मुहरबंद करेगा कि जिससे यह सुनिश्चित हो जाए कि मुहरबंद पैकेजों में फेरबदल नहीं की जा सकती है ।

(ii) परेषण की अस्वीकृति की दशा में यदि निर्यातकर्ता चाहे तो परेषण अभिकरण द्वारा मुहरबंद नहीं किया जाएगा परन्तु ऐसे मामलों में निर्यातकर्ता अस्वीकृति के विरुद्ध अपील करने का हकदार नहीं होगा ।

5. निरीक्षण का स्थान :—इन नियमों के अधीन प्रत्येक निरीक्षण या तो (क) ऐसे उत्पादों के विनिर्माता के परिसर पर, या (ख) उन परिसरों पर किया जाएगा जहां निर्यातकर्ता द्वारा माल प्रस्तुत किया जाता है परन्तु यह तब जब कि वहां प्रयोजन के लिए पर्याप्त सुविधाएं हो ।

6. निरीक्षण फीस :—निर्यात-कर्ता अभिकरण को निरीक्षण फीस निम्नानुसार देगा :—

(i) उत्पादन के दौरान क्वालिटी नियंत्रण योजना के अधीन, निर्यात के लिए पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के 0.2 प्रतिशत की दर से,

(ii) परेषणानुसार निरीक्षण के अधीन निर्यात करने के लिए पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के 0.4 प्रतिशत की दर से ।

7. अपील :—(1) नियम 4 के उप नियम 5 के अधीन अभिकरण द्वारा प्रमाण-पत्र जारी करने से इंकार करने के व्यथित कोई व्यक्ति ऐसे इंकार की सूचना प्राप्त होने के दस दिन के भीतर इस प्रयोजन के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा गठित पैनल को, जिसमें कम से कम तीन और अधिक से अधिक सात व्यक्ति होंगे, अपील कर सकेगा ।

(2) पैनल के विशेषज्ञों की कुल सदस्यता के दो तिहाई सदस्य प्रशासकीय व्यक्ति होंगे ।

(3) पैनल की गणपूर्ति तीन से होगी ।

(4) अपील प्राप्त होने के पन्द्रह दिन के भीतर निपटा दी जाएगी ।

उपाबंध—क

क्वालिटी नियंत्रण :—

